हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 26 मार्च 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 उज्जैन रोड बायपास पर पुराने टायर गोदाम में...



07 'एक दिन का जिलाधिकारी बनना छात्राओं में ...




## खबर संक्षेप

### जिले में डीज़ल, पेट्रोल एवं गैस की पर्याप्त उपलब्धता, अफवाहों पर ध्यान न दें: कलेक्टर

नलखेड़ा। कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा जिले के नागरिकों एवं उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि जिले में डीज़ल, पेट्रोल एवं घरेलू गैस की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है,



अफवाहों पर ध्यान न दे। किसी भी प्रकार की घबराहट या अनावश्यक खरीदारी करने की आवश्यकता नहीं है। जारी अपील में बताया गया है कि जिले में मांग के अनुसार डीज़ल, पेट्रोल एवं गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है तथा सभी पेट्रोल पंप एवं गैस एजेंसियों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। प्रशासन ने नागरिकों से आग्रह किया है कि अफवाहों पर ध्यान न दें एवं आवश्यकतानुसार ही ईंधन एवं गैस का क्रय करें, ताकि सभी उपभोक्ताओं को सुचारु रूप से उपलब्धता बनी रहे।

### जिले में 1 अप्रैल से प्रारंभ होगा गेहूं का उपार्जन

**सीहोर**। शासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य 1 अप्रैल से 5 मई तक किया जाएगा। उपार्जन अवधि के दौरान पड़ोसी जिलों से उपार्जन केन्द्रों पर विक्रय के लिए लाई जाने वाली उपज के अवैध परिवहन एवं बिक्री की रोकथाम के लिए कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के सभी अनुभागों के एसडीएम और तहसीलदारों को अपने-अपने क्षेत्र के अंतर्गत बाहर से गेहूं के अवैध परिवहन पर निगरानी बनाए रखने और इसे रोकने के आदेश दिए हैं।

### ई-टोकन, चना-मसूर उपार्जन, नरवाई प्रबंधन व जल गंगा संवर्धन पर प्रशिक्षण दिया

# पारदर्शी उर्वरक वितरण व शत-प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित करें: कलेक्टर





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

कलेक्टर प्रीति यादव के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में उर्वरक वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, सहकारिता, कृषि एवं कृषि अभियांत्रिकी तथा मार्कफेड के मैदानी अमले हेतु विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सभागृह आगर एवं आजीविका भवन बड़ौद में किया गया। प्रशिक्षण में ई-टोकन प्रणाली, नरवाई प्रबंधन, चना एवं मसूर उपार्जन गुणवत्ता तथा जल गंगा संवर्धन से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। आगर में आयोजित प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए कलेक्टर यादव ने कहा कि किसानों को सुगम, सरल एवं पारदर्शी तरीके से उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए सभी कृषकों के रकबे को एग्री-स्टैक पोर्टल पर दर्ज किया जाना आवश्यक है। उन्होंने राजस्व, कृषि एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मैदानी अमले को आपसी समन्वय स्थापित




कर शत-प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि किसानों की फार्मर आईडी में धारित समस्त रकबे एवं खसरे की प्रविष्टि अनिवार्य रूप से एग्री-स्टैक पर दर्ज की जाए। इसके लिए जिले में विशेष अभियान चलाकर निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण किया जाए, जिससे आगामी खरीफ सीजन में किसानों को उर्वरक प्राप्ति में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। साथ ही सहकारिता विभाग को समिति सदस्यों की मैपिंग आगामी 10 से 12 दिवस में पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। उपसंचालक कृषि विजय चौरसिया ने ई-विकास प्रणाली एवं नशा मुक्त भारत अभियान पर पीपीटी प्रस्तुतीकरण किया गया।

नरवाई प्रबंधन अंतर्गत किसानों को नरवाई नहीं जलाने की समझाइश देते हुए गहरी जुताई, पेलेट निर्माण एवं विक्रय सहित मल्टीप्लाउ, स्ट्रा रीपर, बेलर, हैप्पी सीडर एवं डी-कम्पोजर के उपयोग की जानकारी दी गई। सहायक कृषि यंत्री अंशुल बरोड ने नरवाई प्रबंधन के व्यावहारिक उपायों एवं विभिन्न कृषि यंत्रों के उपयोग के साथ कम्प्रेस्ड बायोगैस के माध्यम से नरवाई प्रबंधन की जानकारी दी। नाफेड के संजय कुमार सिंह द्वारा चना एवं मसूर उपार्जन की गुणवत्ता परीक्षण प्रक्रिया एवं निर्धारित मापदंडों की जानकारी देते हुए आवश्यक तैयारियों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगवाने हेतु प्रेरित किया गया। सीईओ जिला पंचायत बीएस सोलंकी सहित विकासखंड आगर एवं बड़ौद के कृषि, सहकारिता, खाद्य एवं राजस्व विभाग का मैदानी अमला उपस्थित रहा।

### जैन आराधना भवन में धार्मिक प्रवचन

# सुपात्र में दान करने से रोग व कष्ट दूर हो जाते: साध्वी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

पुण्य को बढ़ाने के लिए पुरुषार्थ करना चाहिए। पुण्य बढ़ाने का माध्यम धार्मिक क्रियाएं व धर्म आराधना है। पुरुषार्थ करने से जीवन में सब अच्छा ही होगा। सुपात्र में दान करने से कितने ही प्रकार के रोग व कष्ट दूर हो जाते हैं। उक्त प्रेरक विचार स्थानीय जैन आराधना भवन में चल रहें प्रवचन के दौरान छत्तीसगढ़ रत्न शिरोमणि मनोहर श्रीजी की सुशिष्या युवा संस्कार भारती साध्वी लयस्मिता श्रीजी द्वारा व्यक्त किये गए। जैन धर्म में शाश्वत नवपद ओली की महत्ता बताते हुए साध्वीजी ने कहा कि जिन्होंने श्रीपाल मैना सुंदरी के जीवन को समझ लिया वह अपने जीवन को भी समझ सकता है। एक ओलीजी की आराधना से श्रीपाल का कोढ रोग के साथ उनके सारे दुःख कष्ट दूर हो गए थे। हमें भी इस जीवन में ऐसी धर्म आराधना करना चाहिए।

साध्वी ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चे बड़े होकर अपने उपकारी माता-पिता को भूल जाते हैं। क्योंकि पश्चातय संस्कृति की हवा हमें लग चुकी है। हमारे संस्कारों को डुबाये वह पश्चातय संस्कृति है त्याग को छोड़कर भोग की ओर भाग रहे हैं। वही पश्चातय देश के लोग जो भोग की ओर भाग रहे थे वहां त्याग की ओर आगे बढ़ रहे हैं। साध्वी ने कहा कि जीवन में पुरुषार्थ करने से सब अच्छा ही होगा। पुण्य को बढ़ाने के लिए पुरुषार्थ करना चाहिए। पुण्य बढ़ाने का रास्ता धर्म आराधना व धार्मिक क्रियाएं हैं। उन्होंने कहा कि सुपात्र में दान देने से कितने प्रकार के कर्म और रोग कट जाते हैं। घर में अन्न की कमी नहीं होगी अन्न का भंडार हमेशा भरा रहेगा। नव पुण्य में अन्न पुण्य सबसे बड़ा दान होता है। दूसरे नंबर पर पान पुण्य होता है इसके तहत हमें गर्मी के दिनों में हमें प्याऊ खुलवाना चाहिए। लेकिन आज हमारे संस्कार कहां गायब हो गए इस पर विचार करने का समय आ गया है।

### तीन गैस एजेंसी गोदामों और 16 होटलों-दुकानों का निरीक्षण किया

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में गैस एजेंसियों पर अनियमितताओं और दुकानों घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक उपयोग को रोकने के लिए खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा गैस एजेंसियों के गोदामों, होटलों, दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल सहित खाद्य विभाग के दल द्वारा सीहोर में 03 गैस एजेंसियों तत्पर गैस एजेंसी, भारत अभिकरण गैस एजेंसी और महमूद हुसैन सज्जाद हुसैन गैस एजेंसी के गोदामों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टॉक सत्यापन, विक्रय, बुकिंग आदि की जांच की गई और नियमानुसार सिलेंडर वितरण करने के निर्देश दिए दिए गए। पचामा स्थित 16 होटलों एवं दुकानों का निरीक्षण किया गया।

### प्रदेश सहित अन्य प्रांत से 500 पत्रकार भाग लेंगे

# जैन पत्रकार अवॉर्ड समारोह का आयोजन 29 को होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जैन पत्रकार परिषद के तत्वावधान में प्रदेश में पहली बार जैन पत्रकार अवार्ड समारोह का ऐतिहासिक व भव्य आयोजन बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में 29 मार्च को होने जा रहा है। समारोह में प्रदेश सहित अन्य प्रांत के 500 से अधिक जैन पत्रकारों व समाचार पत्रों के संपादकों द्वारा भाग लिया जाएगा। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी पत्रकारों का आयोजन समिति द्वारा स्वागत कर सम्मान किया जाएगा। वहीं चयनित पत्रकारों को समारोह में जैन पत्रकार अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।



#### मार्गदर्शन प्राप्त होगा

जैन पत्रकार परिषद के प्रदेश संयोजक एवं आयोजन प्रमुख दीपक दुग्गड़ ने बताया कि मध्य प्रदेश के इतिहास में पहली बार जैन मीडिया कर्मियों के लिए गर्व का क्षण आने वाला है। जैन पत्रकार परिषद के तत्वाधान में 29 मार्च रविवार को महाकाल मंदिर के पीछे स्थित झलारिया मठ उज्जैन में जैन पत्रकार अवार्ड समारोह का भविष्य आयोजन किया जा रहा है समारोह में प्रदेश भर से 500 से अधिक जैन पत्रकारों के साथ राजस्थान महाराष्ट्र गुजरात प्रांत से भी समाचार पत्रों के संपादक व वरिष्ठ पत्रकारों द्वारा भाग लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जिन शासन के प्रति उत्कृष्ट पत्रकारिता करने वाले पत्रकारों को समारोह में मंच के माध्यम से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को दिव्यता प्रदान करने हेतु मालव गुरु नवरत्न कृपा पात्र, युवा हृदय सम्राट एवं युवा पथ प्रदर्शक आचार्य देवश्री विश्वरत्न सागर सूरीश्वर महाराजा की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इस स्वर्णिम अवसर पर साधु साध्वी भगवंत की पावन उपस्थिति भी रहेगी। दुग्गड़ ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य जैन समाज के पत्रकारों को प्रोत्साहित करना और उनके योगदान को सम्मानित करना है। जिन्होंने अपनी लेखनी व कलम से जिनशासन को गोरांवित किया है। ताकि समाज में सकारात्मक पत्रकारिता को बढ़ावा मिले। प्रदेश में पहली बार होने जा रहे हैं इस कार्यक्रम को लेकर जैन पत्रकारों एवं समाजजनों में उत्साह का माहौल है। प्रदेश संयोजक दीपक दुग्गड़ एवं प्रदेश मीडिया सचिव प्रवीण जैन ने प्रदेश के विभिन्न शहरों व गांव में पहुंचकर आयोजन की तैयारी साझा की उन्होंने सभी स्थानों पर निमंत्रण पत्रिका व पोस्टर भेंट कर सभी को कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह भी किया। इस संपूर्ण आयोजन के लाभार्थी शाह बाबूलाल धनराज डोडिया गांधी परिवार अहमदाबाद है।

### पीतांबरा सेवा समिति के भंडारे के लिए आगे आया

# छोटा सा बच्चा बना सेवादार, भंडारे में सहयोग के लिए अपनी गुल्लक की राशि दान में दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर वर्ष की दोनों नवरात्रि पर पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा बाहर से आने वाले भक्तों के लिए निशुल्क भंडारे का आयोजन किया जाता है जोकि समिति सदस्यों के साथ ही नगरवासियों की सेवा, समर्पण एवं निष्ठा का एक अनुपम उदाहरण बना हुआ है। इसी से प्रेरणा लेकर एक छोटे से बच्चें ने अपनी गुल्लक की राशि भंडारा संचालन में सहयोग के लिए प्रदान की गई। समिति सदस्यों द्वारा बच्चे का स्वागत किया गया। नगर के हर्षित खंडेलवाल पिता लोकेश खंडेलवाल जोकि विगत कई नवरात्रि के दौरान अपनी सेवाएं दे रहे है। छोटी सी उम्र में सफाई, प्लेटें काउंटर पर लाने, सेवादारों को



जल सेवा जैसे कार्य करते है। हर्षित कुछ नवरात्रि से अपनी गुल्लक में इकठ्ठी होने वाली राशि भंडारा संचालन में सहयोग के रूप में प्रदान करते आ रहे है।

इस नवरात्रि में बुधवार को हर्षित द्वारा अपनी गुल्लक में से 5100 रुपये सहयोग राशि प्रदान की गई। भले ही यह राशि देखने मे छोटी हो लेकिन छोटी सी उम्र में बच्चें की सोच उन्हें भामाशाह बना रही है। छोटी सी उम्र में सेवा के साथ साथ दान के लिए प्रेरणास्रोत बने हर्षित का भंडारा परिसर में समिति सदस्यों द्वारा स्वागत कर माँ बगलामुखी का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा नवरात्रि पर्व के दौरान चलाये जाने वाले निशुल्क भंडारे में प्रतिदिन 25 से 30 हजार भक्तों द्वारा भोजन प्रसादी ग्रहण की जाती है। भंडारे का संचालन इसी प्रकार के दानदाताओं के सहयोग से विगत कई वर्षों से किया जा रहा है।

### संकल्प से समाधान अभियान के तहत सीहोर में विखं स्तरीय शिविर आयोजित

# नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निरंतर कार्य कर रही सरकार : विधायक सुदेश राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत सीहोर जनपद पंचायत परिसर में विकासखंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। विधायक सुदेश राय ने शिविर का शुभारंभ किया और प्रधानमंत्री आवास योजना, संबल योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए।

इस अवसर पर विधायक सुदेश राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आवास योजना, संबल योजना जैसी योजनाएं गरीब एवं जरूरतमंद वर्ग के लिए मददगार साबित हो रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से न






केवल आर्थिक सहायता मिल रही है, बल्कि नागरिकों को खुद का पक्का मकान और सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर भी प्राप्त हो रहा है।

उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक रहें और पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ उठाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि हर नागरिक का यह दायित्व है कि वह अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए समाज और राष्ट्र के विकास में सहभागी बने। उल्लेखनीय है कि यह अभियान सुशासन, पारदर्शिता और जनहित में त्वरित समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिक तक समयबद्ध रूप से पहुंचाना है। "संकल्प से समाधान" अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक चार चरणों में संचालित किया जा रहा है। शिविर में एसडीएम तन्मय वर्मा, जनपद सीईओ नमिता बघेल सहित ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंचायत सचिव और हितग्राही उपस्थित थे।

# तरुण खटीक के हत्यारों को फांसी दिए जाने को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

**सीहोर**। दिल्ली के उत्तम नगर के जे.जे. कॉलोनी निवासी तरूण खटीक हत्या मामले में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिये अनुसूचित जाति खटीक समाज ने आज दिनांक 24 मार्च, मंगलवार को विरोध प्रदर्शन कर रैली निकालकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सीहोर जिले के कलेक्टर के.बालागुरु को सौंपा। भारतीय खटीक समाज जिला सीहोर के अध्यक्ष नरेन्द्र खत्री के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। जिसका वाचन खटीक समाज के वरिष्ठ समाजसेवी श्याम सोनकर ने किया।

इस अवसर पर सुनील धाड़ी ने कहा कि न्याय की इस लड़ाई में सर्व समाज द्वारा विरोध प्रदर्शन में सम्मिलित होकर हिन्दु समाज एकता की मिशाल पैश की। सभी लोगों द्वारा बस स्टेण्ड के स्थानीय पार्क में एकत्रित होकर रैली के रूप में सीहोर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे जहां राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। खटीक समाज ने बताया कि दिनांक 4 मार्च 2026 को होले जैसे पवित्र सौहार्दपूर्ण त्योहार को एक मुस्लिग वर्ग के लोगों के द्वारा खुनी मातम में बदल दिया। समाज की एक बच्ची द्वारा होली खेलते हुए फैका गया पानी का गुब्बारा मुस्लिम समूदाय को इतना नगवारा गुजरा कि बच्ची के पुरे परिवार के साथ मुस्लिम समाज द्वारा बेरहमी से मारपीट करते हुए खटीक समाज के 26 वर्षीय युवा तरूण को मौत के घाट उतार दिया।

ऐसे लोग देश के लिये नासूर है, जो अन्य धर्मो की धार्मिक भावनाओं का आदर सम्मान ना करते हुए देश के भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण को बिगाडऩे में लगे हुए हैं। ज्ञापन के माध्यम से खटीक समाज ने मांग करते हुए बताया कि हत्यारों को फांसी की सजा दी जाये तथा मृतक के परिवार को एक करोड़ की आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए सरकारी नौकरी दी जावे एवं पीड़ित परिवार का पक्का मकान बनाते हुए रक्षा के लिये लायसेंस दिया जावे और घटना के आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जावे। ज्ञापन सौपने वालों में प्रमुख रूप से रामदुलारे सोनकर, श्याम सोनकर, सुनील धाड़ी, पूर्व पार्षद नरेन्द्र खंगराले, पूर्व पार्षद आरती खंगराले, नरेन्द्र खत्री, सीताराम सोनकर, केवलराम सोनकर, सुन्दर सोनकर, गोविन्द लोहानिया, पंकज शर्मा, दीपक सोनकर, सुदीप दुबे, पप्पु धाड़ी, रविन्द्र धाड़ी, मनोज मामा धाड़ी, राजेन्द्र जायसवाल आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### आंगनबाड़ी में विद्या आरंभ प्रमाण पत्रों का वितरण किया



**चापडा।** नगर मे सभी आंगनबाड़ी केंद्रों द्वारा सामुहिक रुप से विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण समारोह मनाया गया, जिसमें उपस्थित नन्हे मुन्ने बच्चों को प्रमाण पत्र वितरण किए गए। कार्यक्रम हितग्राहियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और सुपरवाइजर की उपस्थिति में आयोजित हुआ। चापड़ा सेक्टर सुपरवाइजर ललिता जाट ने बताया कि बच्चों को आंगनबाड़ी और विद्यालय में विद्या प्राप्त करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से विद्या आरंभ प्रमाण पत्र का वितरण आंगनबाड़ी केंद्र पर किया गया।

### डीजल पेट्रोल की किल्लत के चलते पेट्रोल पंप पर लगी वाहनों की कतार



**चापडा।** मंगलवार से डीजल पेट्रोल की किल्लत की अफवाह के बीच पेट्रोल पंपों पर वाहनों की कतार देखी जा रही है।मंगलवार को दोपहर बाद चापडा सहित आसपास के पेट्रोल पंपों पर डीजल पेट्रोल खत्म हो चुका था। वहीं सोमवार को इंदौर रोड पर स्थित के इंद्रा पेट्रोल पंप पर डीजल पेट्रोल लेने के लिए वाहनों की कतार सुबह से देखी गई, अफवाहें के चलते लोग डीजल पेट्रोल स्टॉक करने के लिए अपने वाहनों के साथ डिब्बे में भी डीजल पेट्रोल लाकर स्टाक कर रहे हैं। वर्तमान में किसानी कार्य भी चल रहा है, ऐसे में ट्रैक्टर चालक चिंतित नजर आ रहे हैं। हालांकि बुधवार के दिन इन्द्रा पेट्रोल पंप पर डीजल पेट्रोल वितरण किया गया वहीं चौराहे पर स्थित एक पेट्रोल पंप बंद रहा।

## काले धुएं से घिरा आसमान, दर्जनों दमकलों ने कड़ी मशक्कत कर बुझाई आग

# उज्जैन रोड बायपास पर पुराने टायर गोदाम में लगी भीषण आग, पांच घंटे में काबू पाया

### आग हादसे के बाद उठे सवाल टायर गोदामों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

उज्जैन रोड बायपास पर स्थित पुराने टायर के गोदाम में बुधवार सुबह 6.15 बजे आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरे गोदाम को अपनी लपटों में ले लिया। सूचना मिलने पर नगर निगम की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गोदाम खेतों के बीच था और इसमें पुराने टायर भरे हुए थे। आग लगने के बाद आसमान में काले धुएं की लपटें कई किलोमीटर दूर से भी दिखाई दे रही थीं।




#### नुकसान का किया जा रहा आकलन

मौके पर पहुंची तहसीलदार सपना शर्मा ने बताया कि आग पर अब नियंत्रण पा लिया गया है। गोदाम 'एकता फर्म' नाम से आवेश और शोएब खान द्वारा संचालित किया जा रहा था। फिलहाल आग से हुए नुकसान का आकलन नहीं हो पाया है। नगर निगम के अभिनव चंदेल ने बताया कि उन्हें डायल 112 के जरिए आग की सूचना मिली। इसके बाद नगर निगम की तीन दमकलें, एक बीएनपी और एक आयशर कंपनी की फायर ब्रिगेड आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंची। आग पर पूरी तरह काबू पाने में करीब पांच घंटे लगे। देवास के उज्जैन रोड बायपास पर स्क्रैप और पुराने टायरों के गोदाम में लगी भीषण आग के बाद अब सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। बड़ी संख्या में पुराने टायरों का भंडारण करना सुरक्षा की दृष्टि से बेहद जोखिम भरा माना जाता है, क्योंकि टायर अत्यधिक ज्वलनशील होते हैं और आग लगने पर तेजी से फैलते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे गोदामों में आग लगने की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त संसाधन होना जरूरी है। इसके साथ ही फायर विभाग से अनिवार्य रूप से फायर एनओसी (नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट) लेना भी आवश्यक होता है। लेकिन अक्सर देखा जाता है कि कई स्थानों पर बिना उचित अनुमति और सुरक्षा इंतजामों के ही टायरों का बड़े पैमाने पर भंडारण किया जाता है।

#### पुनरावृत्ति रोकने उठाने होंगे कदम

भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक है कि प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी सक्रिय भूमिका निभाएं। इसके तहत राजस्व विभाग, पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम का गठन कर गोपनीय तरीके से बड़े टीन शेड में किए गए भंडारण की जांच कराई जाए। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि इन टीन शेड के अंदर किसी प्रकार का ज्वलनशील या अवैध सामग्री का भंडारण तो नहीं किया गया है। यदि समय रहते इस दिशा में सख्त कदम उठाए तो संभावित हादसों को रोका जा सकता है।



# कलेक्टर ने ऑयल कंपनियों के अधिकारियों की बैठक ली

### पंपों पर ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित करें



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने बुधवार को कलेक्टर कार्यालय में जिले में पेट्रोल/डीजल की नियमित आपूर्ति बनाये रखने के संबंध में ऑयल कंपनियों के विक्रय अधिकारियों की बैठक ली गई। कलेक्टर सिंह ने सभी आईल कंपनियों के विक्रय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में सभी पेट्रोल/डीजल पम्पों पर ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएं तथा जिला प्रशासन से समन्वय कर नियमित रूप से वस्तु स्थिति से अवगत कराएं। उन्होंने जिला आपूर्ति अधिकारी देवास को निर्देश दिए कि सभी पेट्रोल, डीजल पम्पों पर वितरण व्यवस्था पर निगरानी रखी जाएं तथा पेट्रोल, डीजल की कालाबाजारी, जमाखोरी करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएं। कलेक्टर सिंह ने जिले के समस्त उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि जिले में पेट्रोल/डीजल एवं गैस की पर्याप्त उपलब्धता है। अफवाहों पर ध्यान न दें तथा किसी भी प्रकार की घबराहट में अनावश्यक पेट्रोल/डीजल की खरीददारी करने की आवश्यकता नहीं है। बैठक में विक्रय अधिकारी आईओसीएल कौषलेन्द्र यादव ने बताया कि कंपनी द्वारा डिपो से पेट्रोल/डीजल की आपूर्ति सतत रूप से की जा रही है। आईओसीएल द्वारा आगामी दिवसों में डिपो से 24 घंटे पेट्रोल/डीजल की आपूर्ति किये जाने के संबंध में भी विचार किया जा रहा है। विक्रय अधिकारी बीपीसीएल मेहफूज खान ने बताया कि डिपो से पेट्रोल/डीजल की आपूर्ति जारी है। जिले में सभी आईल कंपनियों के कुल 186 पेट्रोल/डीजल पम्प संचालित है, जिनमें से 23 पम्प संचालकों द्वारा राशि जमा नहीं करने पर पेट्रोल/डीजल की आपूर्ति बाधित हुई है, शेष सभी पम्पों पर संबंधित आईल कंपनियों द्वारा नियमित रूप से पेट्रोल/डीजल की आपूर्ति की जा रही है। 25 मार्च की स्थिति में जिले के सभी पेट्रोल/डीजल पम्पों पर कुल पेट्रोल 730 के.एल. डीजल 1287 के.एल तथा पावर पेट्रोल 234 के.एल उपलब्ध है। जिले में किसी भी क्षेत्र में पेट्रोल/डीजल के अनुपलब्धता की स्थिति नहीं है।

## नगरीय निकाय में पेंडिंग कार्यों को समयसीमा में पूर्ण करने कलेक्टर ने निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। समय-सीमा बैठक में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर सिंह ने नगरीय निकायों में चल रहे कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिए कि जो भी कार्य प्रगतिरत हैं उन कार्यों में गति लाएं तथा पेंडिंग कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यों के लिए अगर भोपाल स्तर से कोई आदेश प्राप्त करना है तो नगरीय प्रशासन विभाग को पत्र लिखकर अनुमति प्राप्त कर कार्य को गति दें। उन्होंने नगरीय स्वच्छ अभियान की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा की। उन्होंने नगरीय निकायों के सीएमओ से जानकारी प्राप्त की। आवास योजना की जानकारी जियोटेग अपडेशन नहीं पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देश दिए कि इन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें। पीएम आवास योजना की जानकारी अपडेट करते रहें।साथ ही पेयजल उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने संबंधितों को निर्देश दिए कि जिले में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। इसके लिए कार्य प्रारंभ कर दें। उन्होंने कहा कि जहां पेयजल की दिक्कत आ रही है, वहां प्राइवेट जल स्त्रोतों को अधिग्रहण कर पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने नल जल योजना की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने ब्लू स्टार कंपनी का कार्य संतोष जनक नहीं होने पर संबंधित विभाग के पीएस को डीओ लेटर लिखने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सिंह ने वन विभाग को निर्देश दिए कि जिले में स्थिति खिवनी अभ्यारण का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। इसके लिए आसपास के ग्रामीणों को प्रेरित करें उन्हें भी इससे जुड़ने के लिए प्रेरित करें। खिवनी अभ्यारण में लोकल सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हों जिससे यहां आने वाले पर्यटकों का मनमोहित हो सकें।

### विश्व क्षय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित




**चापडा।** शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली पर विश्व क्षय दिवस के अवसर पर टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत डॉ. हेमन्त पटेल, डॉ.दिनेश सोलंकी, डॉ.राजेश गुर्जर की उपस्थिति मे ब्लाक स्वास्थ्य अधिकारी अमित नागर के मार्गदर्शन में टीबी मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई और बीमारी के प्रति जागरूक किया। साथ ही क्षय रोगियो को पोषण आहार वितरित किया गया। कार्यक्रम में बीईई राधेश्याम चौहान, बीपीएम रतन जामले, बीसीएम यतिन्द्र बैरागी, नन्दकिशोर मोहवाल, सचिन खेरदे अदि स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## गैस संकट के बीच उद्योगपतियों के साथ बैठक हुई





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

खाड़ी देशों में जारी युद्ध के चलते देशभर में गैस संकट जैसे हालात बनने लगे हैं। उद्योगों को गैस की कमी से बचाने और उत्पादन को प्रभावित होने से रोकने के उद्देश्य से देवास औद्योगिक क्षेत्र में एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज के कार्यालय में उद्योगपतियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान एमपीआईडीसी, आपूर्ति विभाग, गैस कंपनियों और उद्योग प्रतिनिधियों ने मिलकर समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की। सभी संबंधित पक्षों ने भरोसा दिलाया कि वर्तमान स्थिति चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन सामूहिक प्रयासों से जल्द सुधार किया जाएगा। एमपीआईडीसी क्षेत्रीय कार्यालय उज्जैन के जनरल मैनेजर विनय प्रताप सिंह तोमर ने कहा कि मौजूदा हालात को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। शासन, प्रशासन और गैस कंपनियां मिलकर काम कर रही हैं ताकि उद्योगों पर इसका न्यूनतम असर पड़े। उन्होंने उद्योगपतियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी समस्या की तत्काल जानकारी दें, जिससे उसका त्वरित समाधान किया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार ने गैस कोटे का 5 प्रतिशत हिस्सा उद्योगों के लिए आरक्षित किया है, जिससे काफी हद तक गैस संकट से राहत मिलेगी। साथ ही उद्योगों को वैकल्पिक ईंधन अपनाने और पाइप गैस कनेक्शन लेने की सलाह भी दी गई।

#### उद्योगपतियों ने रखी अपनी समस्याएं

एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अशोक खंडेलिया ने बताया कि वर्तमान में गैस सप्लाई का 6 महीने का एवरेज लिया जा रहा है, जो सही नहीं है क्योंकि इसमें सीजनल उतार-चढ़ाव शामिल हो जाता है। उन्होंने इसे 3 महीने का करने की मांग की। वहीं पहले उद्योगों को मिलने वाला 80 प्रतिशत गैस कोटा 65 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे अधिक खपत पर पेनल्टी रेट लगाने की बात कही जा रही है, लेकिन 15 मार्च के बाद की दरें स्पष्ट नहीं हैं, जिससे उद्योगपति असमंजस में हैं।

#### टीम वर्क से होगा काम

बैठक के अंत में जीएम तोमर ने एक बार फिर उद्योगपतियों को आश्वस्त किया कि यह एक अस्थायी स्थिति है और सभी विभाग मिलकर इसे जल्द सामान्य करेंगे। उन्होंने टीमवर्क पर जोर देते हुए कहा कि प्रशासन और उद्योग मिलकर काम करेंगे तो इस संकट से आसानी से बाहर निकला जा सकता है।

## किसानों की समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस ने दिया ज्ञापन, निराकरण नहीं हुआ तो करेंगे आंदोलनः चौहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में बुधवार को बड़ी संख्या में कांग्रेस जन एवं किसान शिवाजी पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर इकट्ठा हुए। जहां से सभी पैदल मार्च करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे जहां राज्यपाल के नाम में ज्ञापन एसडीएम अभिषेक शर्मा को सोपा। ज्ञापन में कहा गया कि समिति के ऋण जमा करने की अंतिम तारीख 28 मार्च है जबकि गेहूं की एमएसपी खरीदी 1 अप्रैल से शुरू होगी हमारी मांग है कि ऋण जमा की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाया जाए ताकि किसान अपनी गेहूं बिक्री के बाद बिना ब्याज के ऋण जमा कर सके। अमेरिका के साथ ट्रेड डील में सोयाबीन आयल के टैक्स फ्री आयात को तत्काल रोका जाए इससे देसी सोयाबीन उत्पादको को भारी नुकसान हो रहा है और किसानों की आय प्रभावित हो रही है। बरलाई शक्कर फैक्ट्री शिप्रा में देवास इंदौर जिले के हजारों किसानों ने एक हज़ार रुपए में शेयर खरीद कर फैक्ट्री की स्थापना की थी चुकी अब भूमि व्यापारी को दी जा रही है इसलिए किसानों को बाजार मूल्य के हिसाब से शेयर का मुआवजा दिया जाए। अनेक गांवों में बारिश एवं



ओलावृष्टि से फसल का नुकसान हुआ है उसका तत्काल सर्वे कराया जाए तथा प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा एवं फसल बीमा की राशि उपलब्ध कराई जाए। गेहूं की खरीदी को 4000 रुपए प्रति क्विंटल की दर से किया जाए जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मुल्य मिल सके। गैस सिलेंडर डीजल पेट्रोल की उपलब्धता किसानो एवं आम नागरिकों को सुनिश्चित की जाए वहीं ग्रामीण क्षेत्र में किसानो को गैस सिलेंडर डीजल पेट्रोल की परेशानी को देखते हुए प्राथमिकता से ग्रामीण क्षेत्र में उपलब्ध कराई जाए। ज्ञापन के पश्चात संबोधित करते हुए किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान ने कहा कि अगर हमारी मांग 1 तारीख तक नहीं मानी गई तो हम कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर धरना देंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदारी जिला प्रशासन की रहेगी। इस अवसर पर कांग्रेस नेता जय सिंह ठाकुर, मनोज राजानी, शौकत हुसैन, तंवर सिंह चौहान, विक्रम मुकाती, पोपसिंह परिहार, ज्ञान सिंह दरबार, अजय सिंह राजोदा, प्रतीक शास्त्री, हिम्मत सिंह चावड़ा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### सीवियर बर्थ एस्फिक्सिया, खतरनाक स्तर तक गिरे प्लेटलेट्स के बावजूद डॉक्टरों ने बचाई जान

# 11 दिन वेंटिलेटर पर रही नवजात ने जीती जिंदगी की जंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के हीरापुर बमोरी, बागली की एक नवजात बच्ची का गंभीर परिस्थितियों में इलाज कर जिला अस्पताल के एसएनसीयू के डॉक्टरों ने एक मिसाल पेश की है। जन्म के समय सीवियर बर्थ एस्फिक्सिया से जूझ रही इस बच्ची को डॉक्टरों की सतत निगरानी, आधुनिक इलाज और मां के स्नेह ने नई जिंदगी दी। करीब 25 दिन तक चले इलाज के बाद 23 मार्च सोमवार को बच्ची को स्वस्थ अवस्था में डिस्चार्ज कर दिया गया।

#### जन्म के साथ ही जिंदगी की जंग

27 फरवरी 2026 को ज्योति पति बलवान सिंह राजपूत निवासी हीरापुर बमोरी (बागली) की दूसरी संतान के रूप में बच्ची का जन्म पीएचसी करनावद में हुआ। जन्म के समय बच्ची का वजन 2.6 किलोग्राम था, लेकिन उसे सीवियर बर्थ एस्फिक्सिया की समस्या थी। हालत नाजुक होने पर तत्काल जिला अस्पताल के एसएनसीयू में रेफर किया गया। जन्म के तुरंत बाद बच्ची को लगातार दौरे (कन्वल्शन) आने लगे। स्थिति बेहद गंभीर थी। जिसे नियंत्रित करने के लिए डॉक्टरों ने 4 अलग-अलग प्रकार के इंजेक्शन बच्ची को लगाना पड़े। लगातार प्रयासों के बाद दौरे काबू में आए।इलाज के दौरान बच्ची



का प्लेटलेट काउंट गिरकर मात्र 5,000 तक पहुंच गया, जो बेहद खतरनाक स्तर माना जाता है। इस स्थिति से निपटने के लिए डॉक्टरों ने 3 बार प्लेटलेट्स और 2 बार एफएफपी ट्रांसफ्यूजन किया। कुल मिलाकर 5 बार ब्लड/प्लेटलेट सपोर्ट देना पड़ा।

#### 11 दिन वेंटिलेटर पर

गंभीर स्थिति के चलते बच्ची को लगातार 11 दिनों तक वेंटिलेटर पर रखा गया। इसके बाद 2 दिन तक CPAP मशीन और 3 दिन ऑक्सीजन सपोर्ट दिया गया। शॉक की स्थिति को देखते हुए आयनोट्रोप सपोर्ट भी दिया गया, जबकि संक्रमण से बचाव के लिए एंटीबायोटिक्स दिए गए। शिशु की गंभीर स्थिति के कारण एसएनसीयू टीम के सामने कई बड़ी चुनौतियां थीं। लगातार गिरते प्लेटलेट्स, बार-बार दौरे और श्वसन समस्या के बावजूद टीम ने धैर्य और सतर्कता से इलाज जारी रखा।

#### 25 दिन बाद मिली अस्पताल से छुट्टी

शिशु की हालत में सुधार होने पर उसे पहले नली के माध्यम से दूध दिया गया, फिर कटोरी-चम्मच से और बाद में मां का दूध पिलाया गया। इस दौरान मां को कंगारू मदर केयर (KMC) का प्रशिक्षण दिया गया। मां नियमित रूप से आईसीयू में जाकर बच्ची को कंगारू मदर केयर देती रहीं, जिससे शिशु को गर्माहट और भावनात्मक सहारा मिला। लगातार 25 दिन तक एसएनसीयू में इलाज और निगरानी के बाद बच्ची की स्थिति पूरी तरह स्थिर हो गई। 23 मार्च 2026 को उसे स्वस्थ अवस्था में डिस्चार्ज कर दिया गया। यह सफलता चिकित्सा क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

#### डॉक्टरों की टीम का सराहनीय कार्य

इस सफलता के पीछे एसएनसीयू की टीम—डॉ. वैशाली निगम, डॉ. अंजु चाचरे, डॉ. अश्विन सिंह एवं नर्सिंग स्टाफ का विशेष योगदान रहा। सभी ने दिन-रात मेहनत कर बच्ची को नया जीवन देने में अहम भूमिका निभाई। वही बच्ची के पिता बलवान राजपूत ने बताया कि बच्ची का नाम हर्षिता रखा है वह अब पूर्णतः स्वस्थ है डॉक्टरों की कड़ी मेहनत के बाद हर्षिता को नया जीवन मिल पाया है।

### क्षेत्र की शांति भंग करने वाले चार हुड़दंगी पुलिस की गिरफ्त में



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

क्षेत्र में हुड़दंग करने वाले चार बदमाशों को थाना कमालपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देशन में बागली एसडीओपी संजय सिंह बैस के मार्गदर्शन में की है। थाना कमलापुर प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि 24 मार्च की रात पुलिस को सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर विवाद कर रहे हैं और शांति व्यवस्था बिगाड़ रहे हैं। सूचना की तस्दीक होने पर पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर हंगामा कर रहे बदमाशों को दबोच लिया। ये बदमाश मरने-मारने पर आमदा थे, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन रहा था। पकड़े गए सभी आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही कर गिरफ्तार किया। आरोपियों को न्यायालय बागली के समक्ष पेश कर जेल भेजने कि वैधानिक कार्यवाही की गई है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम रमजान पिता नवाब मंसूरी उम्र 20,अल्ताफ पिता नवाब मंसूरी उम्र 27, निवासी कमलापुर,अनिल पिता ओमप्रकाश जाट उम्र 35 निवासी ग्राम करौंदिया,संजू पिता बद्रीलाल जाट उम्र 35 निवासी ग्राम करौंदिया को गिरफ्तार कर कार्रवाई की।

## खबर संक्षेप



### नवरात्रि पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश

**ललितपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने बुधवार को थाना बानपुर का वार्षिक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में संपन्न हुआ। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम गार्द द्वारा सलामी दी गई, जिसके उपरांत गार्द एवं ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का निरीक्षण किया गया। एएसपी ने थाना परिसर का भ्रमण करते हुए कार्यालय, हवालात, कम्प्यूटर कक्ष, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क, ई-मालखाना, बैरक सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान थाना अभिलेखों की भी गहन समीक्षा की गई। विभिन्न रजिस्टरों के रखरखाव को अद्यावधिक एवं संतोषजनक पाया गया। साथ ही शस्त्रागार, बंदीगृह और कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण करते हुए शस्त्रों की नियमित सफाई, मालों के विधिक निस्तारण एवं जीडी प्रविष्टियों को समयबद्ध करने के निर्देश दिए गए। साइबर हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में त्वरित कार्रवाई, बैंक समन्वय, डेबिट फ्रीज और लियन प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया गया। साथ ही एनसीसीआरपी व सीईआईआर, प्रतिबिम्ब एवं समन्वय पोर्टलों के बेहतर उपयोग के निर्देश दिए गए। एएसपी ने नवरात्रि पर्व के मद्देनजर कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु धार्मिक स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, पैदल एवं रात्रि गश्त बढ़ाने तथा संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग के निर्देश दिए।

### घंटाघर स्थित चाय गुटखा दुकान में चोरी

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के घंटाघर इलाके में एक चाय, गुटखा व सिगरेट की दुकान में चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित दुकानदार ने थाना कोतवाली में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, बड़ापुरा निवासी मनीराम पुत्र फक्तू की घंटाघर पर छोटी सी चाय, गुटखा व सिगरेट की दुकान है, जिससे वह अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। मनीराम ने बताया कि 25 मार्च की सुबह करीब 5 बजे जब वह दुकान खोलने पहुंचा, तो देखा कि दुकान के ताले टूटे हुए थे। दुकान के अंदर जांच करने पर गुटखा, सिगरेट समेत अन्य सामान गायब मिला। पीड़ित के अनुसार चोरी गए सामान की कीमत लगभग 15 हजार रुपये है। घटना के बाद उसने आसपास खोजबीन की, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित ने थाना कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस जांच में जुट गई है।

### अधिकारियों ने रुके भुगतान की मांग की

**ललितपुर।** एसोसिएशन ऑफ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स यूपी ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) के लंबित वेतन भुगतान की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। ज्ञापन में एसोसिएशन जिला अध्यक्ष नरेंद्र नागर, महामंत्री रमा पटैरिया, उपाध्यक्ष शिवाना यादव समेत अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत टीएडीए, कम्युनिकेशन खर्च, स्वास्थ्य प्रचार गतिविधियों और प्रोत्साहन राशि (पीबीआई) का भुगतान अभी तक लंबित है। वर्ष 2025-26 के लिए भी भुगतान प्रक्रिया शुरू करने की मांग की गई है। संगठन का कहना है कि सीएचओ लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, लेकिन उनके मानदेय और विभिन्न भत्तों का भुगतान समय पर नहीं हो पा रहा है, जिससे उनका मनोबल प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने जिला मजिस्ट्रेट को अवगत कराया कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो पूरे जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी एकजुट होकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### जिलाधिकारी ने महिला सशक्तीकरण में छात्रा रोहिणी को बनाया एक दिन का जिलाधिकारी

# ‘एक दिन का जिलाधिकारी बनना छात्राओं में आत्मविश्वास का मील का पत्थर साबित होगा’

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर




महिला सशक्तिकरण के तहत चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत एक सराहनीय पहल देखने को मिली, जहां जिलाधिकारी सत्य प्रकाश द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में अध्ययनरत कक्षा 12 की छात्रा रोहिणी को एक दिन के लिए जिलाधिकारी बनाया गया। इस दौरान रोहिणी ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। एक दिन की जिलाधिकारी के रूप में कार्य करते हुए रोहिणी ने प्रशासनिक जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया और आमजन की समस्याओं के समाधान के प्रति सजगता दिखाई। इस पहल से न केवल छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ा, बल्कि प्रशासनिक कार्यप्रणाली को करीब से समझने का अवसर भी मिला। इस अवसर पर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बालिकाओं का एक दिन का अधिकारी बनना उनके आत्मविश्वास, जागरुकता और नेतृत्व कौशल को मजबूत करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह पहल समाज में महिलाओं व बालिकाओं की भूमिका को और सशक्त बनायेगी। जिले में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश द्वारा महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत छात्राओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया जा रहा है, ताकि वे भविष्य में समाज में सशक्त भूमिका निभा सकें। इस पहल की लोगों द्वारा सराहना की जा रही है। जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह ने बताया कि जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु नवरात्रि के पर्व पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज-0.5 के द्वितीय चरण का शुभारंभ हो गया है, जिसके अंतर्गत जनपद में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर जन जागरुकता अभियान चलाये जा रहे हैं और महिला केन्द्रित योजनाओं- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेन्टर, 181 हेल्पलाइन, निराश्रित महिला पेंशन योजना, शक्ति सदन आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त महिलाओं एवं बालिकाओं को संरक्षण प्रदान करने वाले प्रमुख कानूनों-घरेलु हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिग उत्पीड़न अधिनियम आदि कानूनी जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## महिला सशक्तीकरण में एक दिन की पुलिस अधीक्षक बनी हनी

**ललितपुर।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) अंतर्गत एक अनूठी पहल देखने को मिली। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में स्थानीय स्कूल की कक्षा-4 की छात्रा हनी त्रिपाठी को एक दिन के लिए पुलिस अधीक्षक बनाया गया। एक दिन की एसपी बनीं हनी त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में हिस्सा लिया और फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान हनी ने विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए लोगों की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि महिला संबंधी एवं अन्य मामलों में तत्काल नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, आवश्यकता पड़ने पर मौके पर पहुंचकर समस्याओं का समाधान करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जनपद में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने और अपराध नियंत्रण हेतु सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने पर जोर दिया। इसके अलावा, यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए यातायात प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एंटी रोमियो टीमों को भी निर्देशित किया गया कि वह स्कूल, कॉलेज, बाजार और सार्वजनिक स्थलों पर नियमित भ्रमण कर मनचलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों तथा जनसुनवाई पोर्टल, महिला हेल्प डेस्क और महिला आयोग जैसी सेवाओं की जानकारी भी दी गई। इस पहल ने न केवल बालिकाओं को सशक्त बनाने का संदेश दिया, बल्कि समाज में उनके आत्मविश्वास को भी नई ऊंचाई प्रदान की।

### व्यापारी बंधुओं की समस्याएं सुनी

# खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों पर कार्रवाई होगीः जिलाधिकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु एवं व्यापार बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा आये हुवे उद्यमियों व व्यापारियों से ऐसे महत्वपूर्ण प्रकरण को संज्ञान में लाने के लिए कहा गया जिस पर उद्यमियो द्वारा औद्योगिक आस्थान, चन्देरा में विद्युत की निर्वाद आपूर्ति के लिए एक अवर अभियन्ता एवं लाईन मेन को मो.नं. सहित नियुक्त करने के लिए कहा गया, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट रुप से कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट कर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलबाड़ करने वाले लोगों को बख्सा नहीं जाएगा, इसमें वे किसी व्यापारी संगठन की नहीं सुनेंगे और ऐसे मिलावटखारों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करेंगे। उन्होंने कहा कि संज्ञान में आ रहा है कि कुछ ब्राण्ड घी में पाम ऑयल रिफायंड आदि की मिलावट कर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खेल रहे हैं, उन पर ऐसी कार्यवाही की जाएगी कि वह भी याद रखेंगे। बैठक में उद्यमियों द्वारा भू-गर्भ जल विभाग में पंजीकरण कराने में आ रही समस्या के बारे में अवगत कराया जिस पर जिलाधिकारी द्वारा भूगर्भ जल विभाग के आकाश दीप को निर्देशित किया गया कि यह उद्यमियों का पंजीकरण कराने में सहयोग प्रदान करें ताकि अधिक से अधिक इकाइयां अपना पंजीकरण करा सके। उद्यमियों द्वारा औद्योगिक आस्थान, चन्देरा के तिराहा पर अकसर हो रही दुर्घटनाये के समाधान का अनुरोध किया गया जिस पर जिलाधिकारी द्वारा एनएचएआई के प्रतिनिधि से जानकारी प्राप्त की गयी जिस पर उन्होने बताया कि फ्लाई ओवर ब्रिज का प्रस्ताव अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषण कर दिया गया है जिससे स्थाई समाधान हो सकेगा। जिलाधिकारी द्वारा कारखाना अधिनियम 1948 के अन्तर्गत इकाइयों का पंजीकरण कराने की अपेक्षा की गई जिससे शासकीय सहायता मुहैया हो सके। जिलाधिकारी द्वारा विद्युत विभाग के अधिशासी अभियन्ता एवं उद्यमी गणों की एक बैठक शीघ्र कराने हेतु उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया गया। बैठक में सीडीओ, बिरिष्ठ निरीक्षक बांट-माप, मंडी सचिव, ललितपुर, अवर अभियन्ता विनियमित क्षेत्र, सहायक भू-भौतिक विद भूगर्भ जल विभाग, सहायक डाक विभाग, सीओ सदर, प्रभारी अग्निशमन अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई, सहायक आयुक्त खाद्य, एवं कमलेश सर्राफ, सुरेश जैन, मुकेश जैन, मनीष सड़ैया एवं अन्य सम्मानित उद्यमीगण उपस्थित रहें।

# पल्लवी ने यूजीसी बिल पर कार्यकर्ताओं में जोश भरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



अपना दल (कमेरावादी) की कद्दावर नेता और सिराथू से विधायक पल्लवी पटेल दो दिवसीय कार्यक्रम में जनपद ललितपुर में प्रवास पर रहीं। आगमन के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया और आगामी चुनावों को लेकर रणनीति साझा की। जनपद की सीमा में प्रवेश करते ही टोल प्लाजा पर कार्यकर्ताओं ने विधायक पल्लवी पटेल का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके पश्चात, उन्होंने शहर के विभिन्न स्थलों पर जाकर महापुरुषों के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया। पल्लवी पटेल ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल और जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। सिंचाई विभाग के सर्किट हाउस में आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पल्लवी पटेल ने अपने दौरे का मुख्य उद्देश्य स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि वह यूजीसी बिल को प्रभावी ढंग से लागू कराने और इसके प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रदेश के विभिन्न जनपदों का दौरा कर रही हैं। विधायक ने बताया कि यूजीसी बिल के प्रावधानों और इसके लागू होने से होने वाले फायदों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए वह जनसभाएं कर रही हैं।उन्होंने जोर देकर कहा कि उच्च शिक्षा में पारदर्शिता और छात्रों के हितों की रक्षा के लिए इस बिल पर विस्तृत चर्चा और इसका क्रियान्वयन आवश्यक है। पल्लवी पटेल ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की।

# ‘अध्यात्म व विज्ञान के समन्वय से जल संरक्षण होगा’

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर




नेमवि तुलसी सभागार में कृषि संकाय के तत्वावधान में वैदिक काल से आधुनिक युग तक जल प्रबंधन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ प्राचार्य डा.ओमप्रकाश शास्त्री ने दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ सरस्वती का पूजन कर कहा कि वर्तमान समय में जल संरक्षण और भूजल प्रबंधन वैश्विक चुनौती बन गया है। ऐसे में वैदिक ज्ञान परंपरा और आधुनिक वैज्ञानिक पद्धतियों का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारतीय वैदिक साहित्य में जल को जीवन का मूल तत्व माना गया है। उन्होंने कहा कि प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा में जल संरक्षण के अनेक वैज्ञानिक और व्यावहारिक सिद्धांत मिलते हैं, जिनका आधुनिक संदर्भ में अध्ययन अत्यंत महत्वपूर्ण है। कहा कि भारतीय संस्कृति में जल को आप कहकर देवतुल्य माना गया है। उन्होंने बताया कि वैदिक ग्रंथों में जल संरक्षण और उसके शुद्ध उपयोग के अनेक निर्देश मिलते हैं, जो आज के समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि यदि समाज वैदिक मूल्यों को अपनाए तो जल संकट जैसी समस्याओं का समाधान संभव है। विशिष्ट वक्ता प्रशान्त दीक्षित ने कहा कि भूजल का अत्यधिक दोहन भविष्य के लिए गंभीर संकट उत्पन्न कर सकता है। इसलिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ सतत जल प्रबंधन की रणनीतियाँ विकसित करना आवश्यक है। डा लक्ष्मीकांत मिश्र ने कहा कि जल संरक्षण केवल वैज्ञानिकों या सरकार की जिम्मेदारी नहीं है।

# व्यापारियों की डीएम से की गैस आपूर्ति बहाल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



नगर एवं जनपद में कमर्शियल गैस की भारी किल्लत के चलते होटल, जलपान गृह और शादी समारोहों का संचालन प्रभावित हो रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर व्यापार बन्धु समिति पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि अमेरिका, ईरान व इजराइल के बीच पिछले 20-25 दिनों से चल रहे युद्ध के कारण कमर्शियल गैस की आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है। इसके चलते नगर एवं जिले के होटल और जलपान गृहों को गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही, जिससे उनका व्यवसाय बंद होने की कगार पर पहुंच गया है। वहीं शादी-विवाह समारोहों में गैस की अनुपलब्धता के कारण आयोजन में भी भारी दिक्कतें आ रही हैं। व्यापारियों ने यह भी बताया कि जिला आपूर्ति विभाग द्वारा चेकिंग के दौरान कुछ व्यवसायियों के खिलाफ गैस उपयोग को लेकर मुकदमे दर्ज किए गए हैं, जिससे व्यवसायियों में भय का माहौल बना हुआ है। व्यापार बन्धु के पदाधिकारियों ने मांग की कि कमर्शियल गैस सिलेंडर के लिए अलग से पोर्टल निर्धारित कर नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही शादी समारोहों के लिए विवाह कार्ड के आधार पर परमिट जारी कर गैस उपलब्ध कराई जाए, ताकि आयोजन सुचारु रूप से संपन्न हो सकें। इस दौरान प्रान्तीय चेयरमैन महेन्द्र जैन मयूर, जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, अनिल अंचल, प्रीतम सर्राफ, राजीव सुडेले, नवीन सिंघई, संजीव कप्तान, उदयभान सिंह यादव, संजय खन्ना मडावरा, अनिल जैन, अनूप जैन, महेश जैन, विनोद जैन, अविरल जैन रोंडा, अंकित सतभैया, रिक्की सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

# शिक्षक विधायक ने मनोनीत पार्षदों व भाजपा पदाधिकारियों का सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



भ्रमण पर आए शिक्षक विधायक डा. बाबूलाल तिवारी ने सरकारी कार्यालय में प्रदेश सरकार द्वारा नामित पार्षदों और और मीडिया प्रभारी को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने पार्षदों और पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कहा की पार्टी ने विश्वास जताकर उन्हें जो दायित्व सोपे है उस दायित्व का निर्वहन जनहित में पूरी पारदर्शिता के साथ करना उनका प्रथम कर्तव्य है। इस दौरान मनोनीत पार्षद तेजस, जगभान सिंह, मनोहर सिंह यादव, भाजपा मीडिया प्रभारी के पद पर तीसरी बार निर्वाचित होने वाले देवेंद्र श्रीवास्तव गुरु सहित विभिन्न पार्टी पदाधिकारी को सम्मानित किया। शिक्षक विधायक ने शिक्षक प्रतिनिधियों के साथ स्थानीय क्षेत्रपाल मंदिर में विराजमान सुधा सागर महाराज का भी आशीर्वाद प्राप्त किया क्षेत्रपाल मंदिर में प्रबंधक व पार्षद पंकज जैन दिगंबर पंचायत समिति के शिक्षा मंत्री प्रफुल्ल जैन, संजीव जैन, सत्येंद्र जैन, आशीष जैन सहित समिति पदाधिकारियों ने शिक्षक विधायक के साथ मीडिया प्रभारी देवेंद्र श्रीवास्तव, केदारनाथ तिवारी, मनोनीत पार्षद जगभान राजपूत आदि मौजूद रहे।

# विद्यालय संस्थापक की पुण्यस्मृति में नेत्र चिकित्सा शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



रामरतन विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल के संस्थापक पं.राम रतन तिवारी दादा की पुण्य स्मृति में एक हॉस्पिटल के तत्वाधान में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ो की संख्या में मरीजों ने अपनी आंखों की जांच कर कर लाभ प्राप्त किया। इन मरीजों में लगभग 70 मरीज मोतियाबिंद के पाए गए कुछ मरीज ग्लूकोमा व कुछ मरीज ऐसे भी मिले जिनको पर्दे में दिक्कतें थीं। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए आयुष्मान योजना के तहत निशुल्क ऑपरेशन के लिए आश्वस्त किया गया। इनमें से कई मरीज ऐसे भी मिले जिनको नंबर देकर चश्मा लगाने की सलाह दी गई। हॉस्पिटल की अनेकों शाखाएं भारत के उत्तर प्रदेश झांसी सहित अन्य 18 राज्यों में है जहां से वह अपना उपयुक्त इलाज करा कर लाभ ले सकते हैं। वहां उनका अत्याधुनिक तकनीक से संपूर्ण समाधान किया जाएगा। इस मौके पर डा.रमेश किलेदार, ओम प्रकाश बिरथरे, हरीबाबू शर्मा, लक्ष्मी मिश्रा, विवेक तिवारी, बीके चौरसिया, तृप्ति शर्मा, पूनम व्यास, रमा सेन, आकांक्षा, क्रांति, अरुणिमा, अफसाना, रचना, महिमा, रेनू, फूलवती, रमेश सेन, ओमप्रकाश किलेदार, प्रेमशंकर गुप्ता, शशिकांत तिवारी आदि मौजूद रहे।

### प्रेस क्लब कार्यालय में मनाई जयंती, श्रद्धा सुमन अर्पित किए

# पं. गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकारों के लिए प्रेरणास्त्रोतः राजीव

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



पत्रकारिता के महान पुरोधा पं. गणेश शंकर विद्यार्थी जी की जयंती प्रेस क्लब कार्यालय में गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू ने की। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारों एवं गणमान्य नागरिकों ने पं. गणेश शंकर विद्यार्थी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू ने कहा कि पं गणेश शंकर विद्यार्थी जी ने सदैव सत्य, न्याय एवं समाज के कमजोर वर्गों की आवाज उठाई। उनका जीवन आज भी पत्रकारों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके आदर्शों को अपनाकर ही सच्ची और निष्पक्ष पत्रकारिता संभव है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने और समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया। अंत में कार्यक्रम का समापन श्रद्धांजलि एवं आभार व्यक्त करते हुए किया गया। इस दौरान संरक्षक मंडल से संतोष शर्मा, मंजीत सिंह सलूजा, कार्यालय प्रभारी अजीज जैन भारती, रवि जैन चुंगी, उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, महामंत्री अमित सोनी, अजय जैन बरया, दिनेश संज्ञा, नीरज सुडेले, शैलेंद्र जैन, संदीप शर्मा, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, अनूप सेन राजीव शुक्ला मनोज जैन, अभय श्रीमाली, बृजेश पंथ, हरीशंकर अहिरवार, अजय तोमर, मनोज वैध, जयेश बादल, राहुल चौबे, अनंत सर्राफ, शिब्बू राठौर, सुनील सैनी, पूजा कश्यप, मनीष पाठक, सूरज राजपूत, अमित लखेरा,सौरभ गोस्वामी, हितेंद्र कुमार जैन, संजय ताम्रकार, दिव्यांश शर्मा, शिवम अग्निहोत्री, सुनील जैन, अमित जैन मोनू, अजितेश जैन भारती, संजना सिंह, चंदन सिंह अहिरवार, संजय नायक, अनूप राठौर, विनोद राज सेन, जावेद अली, दीपक पाराशर, अमित संज्ञा, रमेश रायकवार, स्वतंत्र रिछारिया, नितेश जैन बंटी, अमित पाठक, यशपाल सिंह, इमरान खान, राहुल साहू, आशीष तिवारी, निहाल सेन, प्रदीप रिछारिया, कृष्णकांत सोनी, अनूप ताम्रकार, एड अनूप नांगल, कपिल नायक, अनुराग बिदुआ, विकास सोनी, शैलेष जैन पिंटू, अमित राठौर, भगवान सिंह, सुरेंद्र जायसवाल, सुमित रायकवार, सूरज सिंह राजपूत, विनोद मिश्रा, आकाश ताम्रकार, राजेश कुमार राठौर, सुरेंद्र सपेरा, राममूर्ति तिवारी, महेश वर्मा आदि पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री से मिले विधायक इंजीनियर



**आष्टा।** विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भेंट कर आष्टा विधानसभा क्षेत्र की विकास योजनाओं को लेकर चर्चा कर क्षेत्र के विकास के प्रमुख प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान करने को लेकर का मांग पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री से भेंट के दौरान आष्टा आगमन को लेकर भी चर्चा कर निवेदन किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। भेंट के दौरान क्षेत्र के विकास एवं जनकल्याण से जुड़े विषयों पर भी सार्थक चर्चा की।

### मारपीट को लेकर एसपी से शिकायत की

**सीहोर।** ग्राम चितावलिया हेमा निवासी नंदराम पिता प्यारजी मालवीय ने एसपी को आवेदन देकर बताया कि 18 मार्च को मेरे पुत्र पंकज मालवीय के साथ अनिल मालवीय पिता शीभमल मालवीय द्वारा मारपीट की गई है, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। उक्त व्यक्ति द्वारा बिना किसी कारण के जानबूझकर हमला किया गया है। अनावेदक अनील मालवीय द्वारा जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। यह घटना अत्यंत गंभीर है और इससे मेरे परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। आरोपी द्वारा भविष्य में पुनः नुकसान पहुँचाने की आशंका भी बनी हुई है। मेरे द्वारा मंडी थाना सीहोर में आवेदन प्रस्तुत किया गया परंतु वहां से कोई कार्यवाही नहीं की गई। एसपी को आवेदन देकर मामले की जांच कर आरोपी अनिल के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांगी की।

### आष्टा, सिद्धिगंज और खाचरोद की आंगनबाड़ी में विद्यारंभ कार्यक्रम आयोजित

# छोटे-छोटे बच्चों की शिक्षा में अभिभावकों का सहयोग ही उनकी सफलता का आधार होता है: रायसिंह मेवाड़ा





### शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा विभिन्न आयोजन कर विद्यार्थियों व पालकों को जागरूक करने किए जा रहे आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा/सिद्धिगंज

चाहे घर हो, नगर हो, प्रदेश हो या फिर देश हो सभी की सफलता के पीछे व्यक्ति का शिक्षित होना बहुत आवश्यक है। जिस तरह व्यक्ति के जीने के लिए जल, वायु का होना जरूरी है, ठीक उसी प्रकार व्यक्ति के सफल होने के लिए उसका शिक्षित होना आवश्यक है। शिक्षा के क्षेत्र में भाजपा सरकार द्वारा विभिन्न आयोजन कर विद्यार्थियों एवं पालकों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। हमारा देश कृषि प्रधान देश है जिसमें अधिकतर नागरिकगण ग्राम्यांचलों में निवासरत है। ग्रामीण क्षेत्र में पहले शिक्षा को अधिक महत्व नही दिया जाता था, किंतु आज हमारे प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की दूरदृष्टि सोच का परिणाम है कि ग्रामीण क्षेत्रों में जहां पूर्व में 5वीं, 8वीं तक के स्कूल हुआ करते थे और आज 10वीं, 12वीं तक की पढ़ाई ग्रामीणजन अपने ग्रामों में ही पूर्ण कर लेते है।

इस आशय के विचार वार्ड क्रमांक 16 में स्थित आंगनबाड़ी में आयोजित विद्यारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने व्यक्त किए। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात आंगनबाड़ी में शिक्षा अध्ययन कर शालाओं में प्रवेश करने वाले नन्हें बच्चों को प्रमाण पत्र भेंट किए गए। विद्यारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए बहुत गौरव और खुशी का है। आज हमारे वे बच्चे, जिन्होंने अपने शुरुआती वर्षों में यहां आंगनबाड़ी की गोद में खेल-कूद, अनुशासन और बुनियादी शिक्षा की नींव रखी है, वे अब अपनी नर्सरी पूरी कर स्कूल जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मेवाड़ा ने बच्चों से आव्हान करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी में आपने जो कविताएँ सीखीं, जो चित्र बनाए और जो दोस्ती निभाई, वह आपकी शिक्षा की पहली सीढ़ी है। अब आप बड़े स्कूल जा रहे हैं, जहां आप और भी नई चीजें सीखेंगे, नए दोस्त बनाएंगे और खूब आगे बढ़ेंगे।

आप सब हमारे सितारे हैं, जो आने वाले समय में देश का नाम रोशन करेंगे। वार्ड पार्षद रवि शर्मा ने बच्चों के अभिभावकों से आग्रह करते हुए कहा कि आपकी जिम्मेदारी यहां खत्म नहीं होती, बल्कि आज से बढ़ जाती है। इन बच्चों की शिक्षा में आपका सहयोग ही उनकी सफलता का आधार बनेगा। जिस तरह आपने आंगनबाड़ी के प्रति अपना विश्वास और सहयोग बनाए रखा, वही विश्वास अपने बच्चों को स्कूल भेजते समय भी बनाए रखें। नियमित रूप से उनकी पढ़ाई और स्कूल की गतिविधियों पर ध्यान दें, ताकि बच्चा शिक्षा के अलावा अन्यत्र भटकने नही। इस अवसर पर वार्ड पार्षद रवि शर्मा, अधिवक्ता एवं वरिष्ठ समाजसेविका अनिता यादव, मुकेश राठौर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कल्पना राठौर, संतोष विश्वकर्मा, अचल किरार सहित अन्य नागरिकगण मौजूद थे।

### आंगनबाड़ी केंद्र में विद्या आरंभ कार्यक्रम

**सिद्धिगंज।** ग्राम सिद्धिगंज के आंगनबाड़ी केंद्र में विद्या आरंभ कार्यक्रम किया गया। जिसमें 5 वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र में सर्वप्रथम शिक्षा, बैठाना व विभिन्न दैनिक गतिविधियां सिखाई जाती है। सिद्दीकगंज आंगनबाड़ी केंद्र में विद्या आरंभ कार्यक्रम के दौरान बालक-बालिकाओं को सीसीई प्रमाण पत्र वितरण किए गए। प्रमाण पत्र के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। बालक बालिकाओं को स्कूलों में आसानी से प्रवेश मिल सके। कार्यक्रम में महेंद्र सिंह काजले सरपंच, नंदकिशोर बागवान उप सरपंच, महेंद्र सिंह ठाकुर जनपद सदस्य,विनोद गिर, अनिल गिर, बाबूलाल गहरवाल एम पी डब्लू, मीना एएनएम, शोभा श्रीवास्तव आशा सहयोगी, रानी श्रीवास्तव आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सुशीला गहरवाल, विमल पचलसिया, जमना बाई करोरिया आंगनबाड़ी सहायिका, सुनीता महेश्वरी, अकीला नागेश्वरी, मनीषा गहरवाल, पार्वती, नंदकिशोर गहरवाल, अंबाराम वेद, कादिर खा,मनोहर पटेल,राहुल दुबे वह बालक बालिकाएं एवं उनके माता-पिता उपस्थित रहे। कार्यक्रम बड़े हर्ष अल्लाह के साथ मनाया गया एवं बच्चों की उज्वल भविष्य की कामना की गई।

### आंगनबाड़ी में छोटे-छोटे बच्चों का स्वागत किया

**खाचरोद।** मंगलवार को ग्राम पंचायत खाचरोद में महिला बाल विकास विभाग द्वारा बाल्यावस्था में विद्या प्रारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बस स्टैंड पर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में नन्हे बच्चों को सरपंच शंकर पटेल जाट द्वारा हार फूल माला पहनाकर विद्या प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर सरपंच शंकर पटेल जाट, महिला बाल विकास सुपरवाइजर साइन खान, सचिव लखन वर्मा, रोजगार सहायक सूरज जाट, आशा सुपरवाइजर प्रियंका बैरागी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आरती जाट, माया विश्वकर्मा, एनएम पूजा आंगनबाड़ी सहायिका सुधा सोनी, आशा कार्यकर्ता गिरिजा व नन्हे बच्चे उपस्थित थे।



## शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर में सोमवार को प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी स्थानीय चार बत्ती चौराहा सुभाष चंद्र बोस प्रतिमा के सामने शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु को अंग्रेजों द्वारा लाहौर जेल में 23 मार्च 1931 को फांसी दी गई थी। तीनों वीर सपूत अपने देश को आजाद कराने के लिए हंसी से फांसी के फंदे पर झूल गए। आयोजन मोंटू कौरी,मनीष डोंगरे के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथियों द्वारा शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु को श्रद्धांजलि देते हुए संबोधित किया नगर पालिका प्रतिनिधि, सकल हिंदू समाज पूर्व अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, सकल हिंदू समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद, व्यापारी महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, सकल हिंदू समाज संयोजक मुकेश नामदेव, आदिवासी समाज अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, कथावाचक मिट्ठु पुरा सरकार, देवकरण मालवीय, आदि ने शब्दों के माध्यम से वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देते हुए संबोधित किया। इस अवसर पर सकल हिंदू समाज मीडिया प्रभारी पत्रकार राजीव गुप्ता, संजय वर्मा, सुभाष नामदेव पार्षद प्रतिनिधि, राजेंद्र पिपलोदिया, जयसवाल समाज अध्यक्ष प्रेम नारायण जायसवाल, मालवीय समाज अध्यक्ष रमेश मालवीय,ताम्रकार समाज पूर्व अध्यक्ष सुधीर महलवार, राजू सोनी, नानू सेठी, हर्ष पटेल, सुमित खत्री, आशुतोष नामदेव, हिमांशु परमार, सोनू शर्मा, गोपाल उज्जैनिया, रामप्रसाद बिल्लौरी, गौरव सोनी, टोडू सेठ, अंतिम बनवाट, अमित गौतम, आदि उपस्थित रहे।

## सेमिनार में छात्राओं को बताया गुड टच बैड टच, सोशल मीडिया का कैसे हो इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शांति नगर स्थित डिवाइन पब्लिक हाई स्कूल में कन्यादान फाउंडेशन द्वारा सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थिति रही। इस दौरान कन्यादान फाउंडेशन की सोशल अवेयरनेस दीपा श्रीवास्तव, रूपाली सक्सेना, निर्मला शर्मा एवं डायरेक्टर प्रिंसिपल, स्कूल लेडीज स्टाफ भी मौजूद रहे।

कन्यादान फाउंडेशन की दीपा श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालय में गर्ल्स अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित किया गया था। जिसमें कन्यादान फाउंडेशन ने छात्राओं को गुड टच बेड टच, सोशल मीडिया के इस्तेमाल के दुष्परिणाम, पौष्टिक आहार जिसका बच्चों की शिक्षा व स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है मासिक धर्म स्वच्छता, पर्यावरण प्रदूषण के बचाव के लिए प्लास्टिक फ्री कन्या सेनेटरी नैपकिन इस्तेमाल के तरीके और फायदे बताए गए और बच्चों को सेल्फ डिपेंड होने की शिक्षा दी गई और उन्हें जागरूक किया गया।

### नवांकुर संस्थाओं की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

**सीहोर।** मप्र जन अभियान परिषद, जिला सीहोर की नवांकुर संस्थाओं की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन मंगलवार को पारुल उपाध्याय, जिला समन्वयक की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सीहोर में किया गया। उक्त बैठक में विकासखण्ड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर, बीलू भिलवारे, भगवत शरण लोधी, हरिराम अहिरवार, इंदर सिंह निकुम एवं नवांकुर प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यर्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात नवांकुर प्रतिनिधियों से परिचय एवं उनके द्वारा किये गये कार्यों की जानकारी ली गयी। पारुल उपाध्याय ने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत दिनांक 19 मार्च से 30 जून तक की जाने वाली गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी।

### सीहोर सांस्कृतिक मंच आज करेगा 251 कन्याओं का पग पूजन का आयोजन

**सीहोर।** सीहोर नगर की धार्मिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों सक्रिय एवं अग्रणी संस्था सीहोर सांस्कृतिक मंच चैत्र नवरात्रि के अवसर पर सामूहिक कन्या पग पूजन की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इस आयोजन का लक्ष्य 251 कन्याओं का पग पूजन करना है। सीहोर सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने बताया कि इस सामूहिक कन्या पूजन का उद्देश्य समाज की नई पीढ़ी को धर्म, संस्कृति, आस्थाओं और परंपराओं से भावनात्मक रूप से जोडन्ना है। साथ ही समाज में महिलाओं के प्रति आदर-सम्मान की भावना जागृत करना, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदेश को बढ़ावा देना और ऊंच-नीच के भाव को समाप्त करना भी इसका लक्ष्य है। गुप्ता ने कन्या पूजन की रूपरेखा साझा की बताया कि यह आयोजन आपकी अपनी संस्था सीहोर सांस्कृतिक मंच सीहोर द्वारा इस चैत्र नवरात्री पर 25 मार्च बुधवार को शाम 4 बजे मां चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर छावनी विश्रामघाट रोड इंदिरा नगर सीहोर पर कन्या पग पूजन- आयोजन का कार्यक्रम रखा गया है। सभी से आग्रह किया गया है कि अपने परिवार की छोटी कन्याओं को अपने साथ लेकर अवश्य लाऐं एवं कन्या पग पूजन-आयोजन के इस धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर गौरान्वित करें। कन्या पग पूजन-के आयोजन में कन्याओं को सीहोर सांस्कृतिक मंच द्वारा उपहार भी भेंट किए जाएंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष आशीष गुप्ता समाजसेवी विवेक रूठिया, प्रेमलता राठौर, सीमा सक्सेना, नरेंद्र गोस्वामी, दीपक राठौर आदि ने अपील की है।

## लाल बहादुर शास्त्री कॉम्प्लेक्स तैयार भैरूंदा को विकास की बड़ी सौगात

### 38 दुकानों की ई-निविदा जारी, व्यापार और रोजगार को मिलेगा नया आयाम




हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

नगर परिषद भैरूंदा ने शहर के विकास को नई गति देते हुए एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम की है। वार्ड क्रमांक 13 में नवनिर्मित लाल बहादुर शास्त्री कॉम्प्लेक्स बनकर तैयार हो गया है, जिसे नगर के लिए विकास की बड़ी सौगात माना जा रहा है। इस आधुनिक कॉम्प्लेक्स में 38 दुकानों के आवंटन हेतु ई-निविदा जारी की गई है, जिससे स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलने के साथ युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे।

नगर परिषद द्वारा जारी योजना के अनुसार इन दुकानों का आवंटन 30 वर्ष की लीज पर किया जाएगा। ई-निविदा प्रक्रिया 23 मार्च 2026 से शुरू हो चुकी है, जबकि आवेदन की अंतिम तिथि 06 मई 2026 शाम 5:30 बजे निर्धारित की गई है। इच्छुक आवेदक 07 अप्रैल से 06 मई के बीच ऑनलाइन बिड जमा कर सकेंगे और 08 मई 2026 को निविदाएं खोली जाएंगी। परिषद प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से संचालित होगी, जिसमें डिजिटल सिग्नेचर सहित सभी आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य रहेगा। इस व्यवस्था से पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित होगी। इस महत्वपूर्ण विकास कार्य को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव के मार्गदर्शन में गति मिली है। वहीं नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर के नेतृत्व में परिषद लगातार शहर के समग्र विकास को प्राथमिकता दे रही है। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने कहा कि यह कॉम्प्लेक्स न केवल व्यापारिक गतिविधियों को नई दिशा देगा, बल्कि स्थानीय युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में भी अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भैरूंदा को एक विकसित और सशक्त नगर के रूप में स्थापित करने के लिए परिषद इसी तरह के जनहितकारी कार्यों को आगे बढ़ाती रहेगी।

### जावर में विकास कार्य का नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि ने निरीक्षण किया

# बदलता जावर: विकास की रफ्तार से संवर रहा शहर: वैद्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जावर के मंडी क्षेत्र के दोनों साइड फुटपाथ निर्माण हो रहा है। मेन रोड पर फुटपाथ को विकसित किया जा रहा है। इन दिनों जावर शहर तेजी से बदल रहा है। विभिन्न हिस्सों में चल रहे विकास कार्यों ने पूरे इलाके की तस्वीर बदलने की तैयारी कर दी है। कहीं नए विकास कार्य कराए जा रहे हैं, तो कहीं सड़कों को चौड़ा किया जा रहा है। कई जगहों पर सौंद्रयीकरण और नई परियोजनाओं का काम भी तेजी से चल रहा है। इन कामों की वजह से फिलहाल आम जनता और व्यापारियों को कुछ असुविधाओं का सामना जरूर करना पड़ रहा है। लेकिन लोगों का मानना है कि जब ये परियोजनाएं पूरी हो जाएंगी तो जावर पहले से कहीं ज्यादा सुंदर, व्यवस्थित और आधुनिक शहर के रूप में सामने आएगा।

वहीं जावर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य ने बताया कि जब सड़कें चौड़ी होंगी। ट्रैफिक की समस्या कम होगी और शहर की सूरत बदलेगी वहीं व्यापार भी पहले से ज्यादा बढ़ेगा। जावर नगर में अनेकों विकास कार्य में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, मंडल अध्यक्ष सभी के सहयोग से हम हमारी परिषद विकास कार्य कर रही है। वहीं अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य एवं इंजीनियर प्रमोद कुमार साहू द्वारा काम का निरीक्षण कर जल्दी काम करने के दिए निर्देश।

